तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 जून 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

02 संकल्प से सिद्धि कार्यशाला में मोदी के 11 सालों की ...



04 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



## खबर संक्षेप

### बसों की चेकिंग एवं नेत्र परीक्षण की मांग



**डौंडीलोहारा।** निजी विद्यालय संगठन के निवेदन पर दिनांक 20 जून को बसों की चेंकिंग एवं ड्राइवरों का नेत्र परीक्षण का कार्य जिला परिवहन अधिकारी श्री रावटे सर जी को दिये गये आवेदन के आधार पर स्थगित कर दिया गया है , संगठन ने निवेदन किया कि यह कार्य अवकाश के दिनों में किया जाये , जिस पर उन्होंने सहमति दी और संभवतः रविवार 22 जून को शिविर करने का संशोधित आदेश जारी किया जायेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश सोनी ,प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी , सचिव ललित सिंह गौर एवं ब्लेज एकेडमी से श्री थामस जोसेफ जी उपस्थित थे।

### सब्जी बाजार से बाइक की चोरी, आरोपी की तलाश

**बालोद।** ग्राम सांकरा (ज) के सप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गए मानदेव साहू के मोटर सायकल को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। ग्राम घुमका निवासी मानदेव साहू ने बताया 16 जून की शाम बेटी मीनू साहू के साथ अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एएन 1831 से ग्राम सांकरा (ज) के सप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गया था मोटर सायकल को संतोषी माता मंदिर के पास ग्राम सांकरा (ज) में खड़ी कर सब्जी खरीदने के लिये गया। सब्जी खरीदने के बाद वापस आकर देखा तो मोटर सायकल नहीं था। वही मानदेव साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बालोद थाने में धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पारख व बाफना परिवार ने मुनिवृंदों का स्वागत किया



**डौंडीलोहारा।** संत मुनिराज के नगर आगमन के साथ ही विवेकानंद चौक के समीप संघवी पारख परिवार ने व जैन मंदिर के समक्ष संघवी बाफना परिवार ने विधिवत चौकी पाटा में चावल व श्रीफल से गवली अर्पण कर मुनिवृन्द को हर्ष हर्ष जय जय के धार्मिक नारों के साथ बधाया व हर्षातिरेक से सुंदर आगुवानी की। संघ के मिश्रीलाल लोढा ने बताया कि संतद्वय का अल्प प्रवास हेतु नगर आगमन हुआ है।मुनिश्रीजी का इस वर्ष का वर्षावास बालाघाट संघ को प्राप्त हुआ है।इस वर्ष का वर्षावास 10 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है।जैन साधु साध्वियों के पद विहार का क्रम निरन्तर जारी है नियत तिथि के पूर्व नियत ग्राम व शहर में पहुँचना अनिवार्य होता है।

### कपड़ा दुकान से चोरी युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** कपड़ा दुकान से चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि मरोदा सेक्टर नेवई निवासी केशव राम का बेटा दुकान बंद कर घर निकल 14 मई की रात को घर निकल गया था। दूसरे दिन सुबह दुकान में पहुंचने पर दुकान का ताला खोलने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। अज्ञात ने छत खोलकर कपडा दुकान में चोरी किया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने सीसी कैमरे में फुटेज मिलने पर स्टेशन मरोदा निवासी संदेही करण बिरूली को पकड़ा गया। युवक ने पुलिस को बताया कि इस दुकान में कुछ दिन पहले कपडा खरीदने गया था।

# नई शराब दुकान खोलने का विरोध, पुरानी को बंद करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक ताम्रध्वज साहू एवं कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में विभिन्न समस्याओं की शिकायत की है। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने 18 बिंदुओं पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं।

जिसमें दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के साथ रिसाली निगम की समस्या शामिल है। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र एवं रिसाली नगर निगम में समस्याओं का अंबार है जिसमें भारतमाला परियोजना, नई रेलवे लाइन के अंतर्गत जमीन खरीदी बिक्री पर रोक मनरेगा के कार्यों की मानव दिवस कम करना डीएपी खाद की कमी मुख्यमंत्री आवास के अंतर्गत हितग्राहियों को किस्त देने में देरी ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती जनपद पंचायत दुर्ग में 15 वे वित्त मद की राशि का भेदभाव तरीके से वितरण दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत कोई भी नई शराब दुकान नहीं खोला जाए एवं पुराने चल रहे दुकानों को बंद किया जाए। रिसाली नगर निगम के कांग्रेस समर्थित पार्षदों के साथ विकास कार्यों में भेदभाव खत्म कर सभी वार्डों में विकास कार्यों की स्वीकृति दी जाए रिसाली नगर निगम में पिछले वर्ष स्वच्छता ▶▶| शेष पेज 02 पर

## एमआईसी के सख्त विरोध के बावजूद इस वर्ष 12.50 करोड़ का ठेका दे दिया गया



### योजनाओं के गलत क्रियान्वयन से बढ़ी परेशानी

ताम्रध्वज साहू ने कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अन्तर्गत ग्रामीण एंव शहरी क्षेत्र के विभिन्न समस्याओ, योजनाओं के गलत कियान्वयन एंव आम जनता के मंशानुरुप विकास नही होने सहिंत गांव, गरीब एवं किसान की उचित व समय में समाधान नहीं होने जैसे विभिन्न गंभीर विषयों पर कलेक्टर दुर्ग का ध्यान आकृष्ट करने के लिए आज पत्र दिया गया है. ज्ञापन के माध्मय से ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत भारतमाला परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के अर्न्तगत ग्राम थनौद, बिरेझर, चंगोरी के कृषि भूमि में बाढ़ के संभावित स्थिति से निपटने हेतु शिवनाथ नदी के पुल को नदी से 500 मी. पूर्व से कॉलम द्वार निर्माण किया जाने के साथ ही ग्राम थनौद में उचित सहज आवागमन के लिए विपसयना केन्द्र के पास अन्डरग्राउण्ड ब्रीज वर्तमान उचाई 04 मी. ▶▶| शेष पेज 02 पर

## डिजिटाइजेशन व स्कैनिंग कक्ष का छग एचसी के मुख्य न्यायाधीश ने वर्चुअली शुभारंभ किया

# न्यायिक जिला बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम व मुंगेली में डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश चन्द्र सिन्हा ने जिला न्यायालय भवन परिसर बालोद में डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष का वर्चुअली शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के डि जि टा इ जे श न कमेटी के चेयरमेन जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास भी डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा ने जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद सहित न्यायिक जिला राजनांदगांव, कबीरधाम एवं मुंगेली के जिला एवं सत्र न्यायालयों में स्थापित डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष का एक साथ वर्चुअली शुभारंभ किया। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश चन्द्र सिन्हा ने डिजिटाइजेशन को वर्तमान समय की प्रमुख आवश्यकता बताते हुए आज प्रदेश के चारों न्यायिक जिला बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम एवं मुंगेली में डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष का शुभारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने वर्तमान समय में डिजिटाइजेशन के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में भी जानकारी दी।

- डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग सुविधा मिलेगी और न्यायिक प्रक्रिया को गति मिलेगी



जिला न्यायालय भवन परिसर बालोद में आयोजित डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष के शुभारंभ समारोह के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश योगेश पारीक, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल सहित प्रथम जिला एवं ▶▶| शेष पेज 02 पर

### मांग एवं समय की आवश्यकता

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने फीता काटकर डिजिटाइजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष का शुभारंभ किया। समारोह मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने कहा कि आज जब हम 21वीं सदी में प्रवेश किए हैं, ऐसे अत्याधुनिक समय में डिजिटाइजेशन सबसे बड़ी मांग एवं प्रमुख आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज से कुछ समय पहले किसी ने कल्पना भी नहीं की थी, कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से हमें सभी चीजों की सूचना एवं सहुलियत मिलने लगेगी। नवरत्न ने कहा कि 21वीं सदी में हम फिजिकल मोड से डिजिटल मोड पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटाइजेशन के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया तीव्र गति से संपादित होने के अलावा दस्तावेजों की भी सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। इसके साथ ही दस्तावेज पेपरलेस होने से दस्तोवेजों की बोझ भी कम होगा। इस अवसर पर उन्होंने आज के इस समारोह को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला प्रशासन बालोद, जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय बालोद के सभी न्यायाधीश, अधिकारी–कर्मचारी, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, अधिवक्ताओं एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग ▶▶| शेष पेज 02 पर

# शिकारीटोला में शिक्षक की मांग को लेकर प्राथमिक व माध्यमिक शाला में तालाबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम पंचायत धुरवाटोला के आश्रित ग्राम करिया टोला में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला (शिकारीटोला) एक शिक्षक व पूर्व माध्यमिक शाला में विज्ञान विषय के शिक्षक की मांग को लेकर ग्रामीणों व शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने दोनो शाला में तालाबंदी कर बच्चो के साथ धरना में बैठ गए व शिक्षक की नियुक्ति होने पर ही ताला खोलने की मांग पर अड़े है। धरना पर बैठे ग्रामीणों ने बताया की शासकीय प्राथमिक शाला में 20 बच्चे है, उक्त शाला के प्रधानपाठक 2022 में ज्वाईनीग करने के तीन दिन बाद छात्रावास अधीछक के पद पर अमलीडीह में संलग्नीकरण किया गया था, वही उनकी जगह में एक शिक्षक को अन्यंत्र शाला से प्राथमिक शाला (शिकारीटोला )में संलग्नीकरण किया गया था, संलग्निकरण किए गए शिक्षक का मूल संस्था से युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरण हो गया जिसके कारण उनका संलग्निकरन निरस्त हो गया और प्राथमिक शाला (शिकारीटोला) एक शिक्षकीय हो गया। कार्यालयीन कार्य, संकुल में जानकारी भेजने का कार्य पदस्थ शिक्षक को करना है, तो कक्षा पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चो को अध्यापन कैसे करा पाएंगे, जिससे बच्चो की शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है, जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश था

पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठिका एस कुरूप स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हेतु 2023-24 में आवेदन दी थी किंतु कुछ कारणों से स्वीकृत नहीं ▶▶| शेष पेज 02 पर

# फर्जी दिव्यांगों का भौतिक सत्यापन कर नौकरी से बर्खास्त की मांग, दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ विकलांग मंच जिला बालोद ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। विकलांग मंच द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर स्वाभिमान पैदल मार्च निकाला। विकलांग मंच ने दिव्यांगजनो के मांग पूर्ण करने की मांग करते हुए विधायक संगीता सिन्हा को ज्ञापन सौपा है।

- विकलांग मंच ने स्वाभिमान मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ की नारे बाजी

ज्ञापन मे मांग की गई है कि संघ द्वारा पूर्व मे दिये गए शिकायती पत्रे मे उल्लेखित एवं संलग्न छ.ग.पी.एस.सी से चयनित 7 डिप्टी कलेक्टर, 3 लेखा अधिकारी, 3 नायब तहसीहलदार, 2 सहकारिता निरीक्षक, 3 पशु चिकित्सक सहित 127 एंव 24 कुल 151 कर्मचारी फर्जी दिव्यांगजनो का राज्य मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता का भौतिक निरीक्षण कराकर फर्जी कर्मचारियो अधिकारियो को तत्काल बर्खास्त किया जाये।

समस्त विभाग मे दिव्यांग कोटे के बैंकलॉग पदो पर विशेष भर्ती अभियान विज्ञापन जारी किया जावे। परिपत्र जारी किया जा चुका है। वित्त विभाग ने 31 मार्च 2025 तक भर्ती मे छूट भी दिया है, लेकिन आज दिनांक तक किसी भी विभाग के द्वारा विज्ञापन जारी नही किया गया है। दिव्यांगजनो को दिव्यांग वंदन योजना बनाकर प्रतिमाह 5,000 मासिक पेंशन दिया जावे। ▶▶| शेष पेज 02 पर

### पदोन्नति के 3 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान का पालन नहीं

शासकीय पदो पर नियुक्त दिव्यांग शासकीय अधिकारियो कर्मचारियो को पदोन्नती पर 3 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है जिसे कोई विभाग पालन नही कर रहा है, शासन के निर्धारित मापदण्ड अनुसार 3 प्रतिशत पर 1 नवंबर 2016 से पदोन्नती पदो की गणना कर तत्काल उसके 3 प्रतिशत पर पदोन्नती प्रदान करे। इस हेतु परिपत्र जारी किया जावे। शासन प्रशासन कोर्ट द्वारा कभी भी दिव्यांग कर्मियो की पदोन्नती मे आरक्षण देने पर रोक नही है। इसके बावजूद सभी विभाग जानकारी के अभाव मे पदोन्नती प्रक्रिया को बाधित करके रखे है। कोरोना काल के पूर्व स्वरोजगार हेतु दिव्यांगजनो के द्वारा लिए गए निःशक्त वित्त निगम के कर्ज माफ किया जावे। कोरोना के पूर्व दिव्यांगजनो के द्वारा लिए गए लोन को माफ किया जावे, क्योकि कोरोना काल मे सभी का व्यापार चौपट हो गया है। किसी दिव्यांग पर 15 हजार किसी पर 50 हजार किसी पर 1 लाख जैसे छोटी रकम जिसे माफ करने का कष्ट करेंगे। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा दिव्यांगजनो के मांगो पर शासन से चर्चा कर मांगो को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।

# पति-पत्नी से 22 हजार के जेवर समेत तीन हजार नकद की लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बाइक से सियादेवी मंदिर घूमने गए पति पत्नी को तीन नकाबधारीयो ने रोककर 22 हजार रुपए के जेवरात समेत 3 हजार रुपए नगद को लूट भागे। घटना के बाद गुरूर थाने में शिकायत की गई है। गुरूर पुलिस ने तीनों अज्ञात नकाबधारीयो के खिलाफ धारा 3(5), 309(4) के तहत मामला दर्ज किया है।

- नकाबपोश लुटरे फरार, रिपोर्ट दर्ज तलाश जारी

शिकायतकर्ता मनीष पटेल ने बताया 17 जून को पत्नि पुष्पा देवी पटेल के साथ मोटर सायकल से ईलाज कराने गांव से डाक्टर के पास बालोद आये थे, ईलाज कराने के बाद डाक्टर द्वारा रिपोर्ट आने में देर लगेगा कहने पर हम दोनो मोटर सायकल से घुमने के लिए सियादेवी मंदिर नारागांव दर्शन करने आये थे, मंदिर दर्शन करके वापस बालोद के लिए निकले और सियादेवी मंदिर से लगभग एक किलो मीटर रूककर शौच (बाथरूम) के लिए रूके थे, उसी समय तीन अज्ञात व्यक्ति आये, तीनो का चेहरा काला स्कार्प कपड़ा से ढका हुआ था, तीनो हमे डरा धमका कर पुछताछ करने लगे और एक व्यक्ति अपने हाथ में चाकू रखा था, दो व्यक्ति डंडा रखे हुए थे। वे तीनो हमें डरा धमका कर पत्नि के पहने हुए गले में सोने के मराठी माला जिसमें 2 नग सोने का लाकेट एवं कान में ▶▶| शेष पेज 02 पर

# सहकारी समिति मंगलतराई में खाद की किल्लत, किसानों ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

आदिवासी विकासखंड डोंडी के वनांचल के सेवा सहकारी समिति मंगलतराई में खाद ना मिलने से नाराज कृषकों ने समिति परिसर के सामने ही धरना में बैठ गए और सोसायटी में खाद की अनुपलब्धता पर शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की कृषकों के द्वारा दिए जा रहे धरना की जानकारी मिलने पर सुरेश साहू अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंडी , देवेंद्र नेताम तहसीलदार डोंडी,भोलाराम नेताम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी ग्राम मंगलतराई पहुंचकर धरना दे रहे कृषकों से चर्चा की व जल्द ही खाद की आपूर्ति होने की जानकारी दी,कृषकों ने कहा की तीन दिन के अंदर यूरिया, डी ए पी ,पोटाश सहित अन्य खादो की समुचित उपलब्धता सोसायटी में नहीं होने पर ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करने की बात कही।

भोलाराम नेताम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी ने बताया की उच्चाधिकारियों से चर्चा कर रात्रि तक एक गाड़ी यूरिया व 200 बोरी डी ए पी सोसायटी पहुंच जाएगा जिसका वितरण क्रमानुसार किसानों को दिए जाने की बात कही। गंगाराम ठाकुर ने कहा की छत्तीसगढ़ शासन एक और सुशासन तिहार मना रही है और किसान खाद के लिए भटक रहे है , व्यापारियों के पास खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध ▶▶| शेष पेज 02 पर

## स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग स्थाई समिति की बैठक हुई

# तीन उपस्वास्थ्य केंद्र, 15 आंबा भवन जर्जर व स्टाफ का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



जनपद पंचायत के स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग स्थाई समिति की प्रथम परिचयात्मक एवं समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुआ। जहां पर जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनिता संजय साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के सभापति संध्या अजेंद्र साहू एवं स्थाई समिति के सदस्य ममता विजय गौतम, थानसिंग देहरी की उपस्थिति में स्वस्थ्य विभाग ने अवगत कराया कि स्टाफ की कमी है, तीन उपस्वास्थ्य केंद्रों एवं 15 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों की स्थिति जर्जर हो चुकी है जिसकी जानकारी दी गई। सीएससी गुरुर में शिशु रोग विशेषज्ञ की मांग की गई तथा महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभागीय संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, नव निर्माणाधीन दस आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी ली गई, साथ में जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के सभापति संध्या अजेंद्र साहू के साथ महिला बाल विकास विभाग के स्थाई समिति के सदस्यों के द्वारा विभागीय महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा आम जन मानस को जनता के प्रति अच्छी सेवा मिल सके एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्ता पूर्ण भोजन, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को मिल सके साथ ही साथ अच्छी शिक्षा पर ध्यान आकर्षित करने के लिए समीक्षा की गई। सभापति संध्या अजेंद्र साहू द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारी को आश्वस्त किया गया कि हमारा प्रयास रहेगा की आप सभी की बताई गई समस्या का समाधान जल्द से जल्द हो सके हम शासन प्रशासन एवं विभागीय मंत्रियों को जल्द ही इनकी जनकारी देंगे और समाधान निकलेंगे। बैठक मे विभागो के अधिकारियो के साथ स्वास्थ एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारी भी उपस्थित थे।

बैठक मे उन्हे कहा गया कि मुख्यालय मे रहे तथा आम जनता समय पर स्वास्थ सुविधाओ के साथ शासन की योजनाओ का सभी पात्र हितग्राहियो को लाभ मिले। कोई भी पात्र हितग्राहि शासन की योजना से वंचित न रहे। यह मैदानी अमला सुनि"चत करे। उन्होने कहा मैदानी अमला ही आम जनता से सीधे संपर्क मे रहता है, इसलिए उन्हे वास्तविक स्थिति की पूरी जानकारी रहती है।

## खबर संक्षेप



### अमानत में खयानत करने वाले दो आरोपी पुलिस पकड़ में

**भिलाई।** अमानत में ख्यानत करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मिलन चौक न्यू खुर्सीपार निवासी नीरज कुमार द्वारा नृदेव वायर वर्ल्ड प्राईवेट लिमि भीलवाडा राजस्थान कंपनी के डायरेक्टरो ने वायर रॉड मॉल लेकर 63 लाख 74 हजार 640 रूपये न देकर अमानत में ख्यानत किया। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी रही। खुर्सीपार थाना प्रभारी वंदिता पानीकर ने टीम को राजस्थान भीलवाडा रवाना किया। टावर लोकेशन के आधार पर आसिंद रोड शंभूगढ थाना शंभूगढ जिला भीलवाडा राजस्थान निवासी ऋर्षिराज शर्मा, वार्ड 4, नसीराबाद थाना नसीराबाद जिला अजमेर राजस्थान से अबुंल महावर को जिला चितौड से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### स्कूलों की अव्यवस्था पर देवेंद्र ने उठाए सवाल

**भिलाई।** सरकारी स्कूलों की अव्यवस्था को लेकर विधायक देवेन्द्र यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार नौनिहालों की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को लेकर कितना सजग और गंभीर है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरी गर्मी की छुटटी बीत गई, लेकिन बड़े-बड़े वादे करने वाली ये सरकार जर्जर स्कूल भवनों का संधारण तो दूर रंगरोंगन तक नहीं करा पाई। बिना तैयारी के स्कूल खोले गए हैं। शिक्षकों का आंदोलन देखने को मिला। पहले दिन शिक्षक काली पट्टी बांधकर स्कूल पहुंचे। सरकार के विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के निर्णय के खिलाफ विरोध जताया। स्कूली सेटअप से किए गए छेड़छाड़ से शिक्षकों के 46000 पद समाप्त होने से शिक्षक संघ तो नाराज है ही बीएडी, डीएड की डिप्लोमा करने वाले हजारों युवा भी नाराज हैं।

### रिकेश के बड़े सपने को राज्य शासन की हरी झंडी

**भिलाई।** शिक्षाधानी भिलाई में सेन्ट्रल लाईब्रेरी को लेकर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन का बड़े सपने को राज्य शासन से हरी झंडी मिल गई है। आपको बता दें कि भिलाई के सुपेला स्थित प्रियदर्शिनी परिसर में 11 करोड़ 42 लाख 28 हजार रूपये सेंट्रल लायब्रेरी के लिए स्वीकृत किए गए हैं। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि सुपेला में सेंट्रल लाइब्रेरी के साथ ही बेहतरीन रीडिंग जोन का निर्माण भी किया जा रहा है जो कि शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले भिलाई के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य को पूरा करने का लिया संकल्प

# संकल्प से सिद्धि कार्यशाला में मोदी के 11 सालों की उपलब्धियां गिनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भाजपा मंडल रेंगाडबरी में 16 जून सोमवार को भाजपा की 'संकल्प से सिद्धि' कार्यशाला भाजपा मंडल रेंगाडबरी के ग्राम भँवरमरा में विकसित भारत,अमृतकाल में मोदी सरकार के 11साल बेमिसाल कार्यकाल पूर्ण होने पर यह कार्यक्रम संघटनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने और नई ऊर्जा का संचार करने के लिए आयोजित की गई थी।

इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के मुख्यवक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष श्री चेमन देशमुख जी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया और इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संगठन की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाना था इस कार्यक्रम में जिला के मंत्री राजेश दसोड़े जी पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष झा , रेंगाडबरी मंडल अध्यक्ष उतरा घरेन्द्र उपस्थित थे। यह कार्यशाला स्थानीय स्तर पर किया गया, रेंगाडबरी मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र के द्वारा और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा जिलाध्यक्ष श्री चेमन देशमुख जी का रेंगाडबरी मण्डल में प्रथम आगमन पर जोरदार फूल माला से स्वागत किया गया और जिलाध्यक्ष द्वारा सभी




नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारणी के सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष ने मोदी जी के दूर दृष्टि सोच और भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 21 जून को योग दिवस और 23 जून को डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम पर हम सबको पेड़ लगाना चाहिए, पेड़ जो है हमारी माँ के समान है, हम पेड़ लगाएंगे तो वह पेड़ हजारों व्यक्ति को जिंदगी देगा।

### जल संरक्षण-संवर्धन की जानकारी दी

जल को कैसे संरक्षित किया जाय इसके बारे में भी बहुत ही सुंदर ढंग से जानकारी दिये और मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा सरकार देश भर में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 स्वर्णिम वर्ष मना रही है, मोदी सरकार के पूरा उपलब्धि के बारे विस्तृत जानकारी दिए और पूर्व मण्डल अध्यक्ष डौंडी मनीष झा ने कहा कि मोदी जी के जितने भी योजनाएं चल रही उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए।रेंगाडबरी मण्डल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र ने सबसे पहले संबोधित किये इस कार्यशाला में नव-निर्वाचित महामंत्री पूनम चंद जैन, जगतपाल सिन्हा,पूर्व महामंत्री दारा सिंह भौसार्य नव निर्वाचित उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह गोरे,उपाध्यक्ष डोमार सिंह साहू, कोषाध्यक्ष उत्तरा कुमार पिस्दा,मंत्री उमेश कुमार मण्डावी,उषा पिस्दा,मीडिया प्रभारी सेवादास मानिकपुरी, सहमीडिया प्रभारी रूपेश कुमार मार्गिया, कार्यकारणी सदस्य नोमेश कुमार वैष्णव, ललित कुमार साहू,आशा देवी यादव,स्वेता पोर्ते, भारत साहू,रघुवीर खरे,रामेश्वर भुआर्य,कोमल कुमार साहू,कोमल सिंह दुग्गा,सनत कुमार यदु,अमीर दास किरसाने,विजय कुमार पटेल,खेम बाई पिस्दा,पुष्पा आमदिया, निर्मला बाई ठाकुर,धन्नू राम सिन्हा,रोहित कुमार धलेन्द्र,सेवा राम हिरवानी,कुशल जुरेशिया, राजेश पोर्ते, नेहरू लाल जैन, लोकेश कुमार रावटे,अंकुश कुमार कुंजाम, तेश्वर कुमार ठाकुर,तिलेश्वर साहू, अरुण कुमार देशलहरे,सुखेन्द लाल गौंधरे, सरोज कुमार कोकिला, जयचंद, भीखम इसदा, दयालु राम साहू,बेनु राम साहू, हर्ष कुमार, नरेश कुमार आमदिया,राजेन्द्र कुमार देवांगन एवं सभी मंडल के नव-निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के समर्पित सरपंच एवं पंच और समस्त सोसायटी के प्राधिकृत अध्यक्ष गण शाला विकास समिति के समस्त अध्यक्ष गण ,पदाधिकारीगण एवं ज्येष्ठ,श्रेष्ठ कर्मठ कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 को सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को सुबह 07 बजे गंजपारा स्थित इण्डोर स्टेडियम बालोद में किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने बताया कि 21 जून को ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 'योगः एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम निर्धारित की गई है।

राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के इण्डोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के लिए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर को मुख्य अतिथि नामांकित किया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय बालोद के इण्डोर स्टेडियम में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। इण्डोर स्टेडियम बालोद में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के अलावा सभी अधिकारी–कर्मचारी, छात्र–छात्रओं, विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों के प्रतिनिधि सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों के द्वारा एक साथ सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। इसके साथ ही कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में होने वाले योग कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किया है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि व्यक्तिगत रूप से योग करने वाले प्रत्येक शासकीय, निजी एवं अन्य आयोजक संस्थाओं एवं व्यक्तियों को आयुष विभाग के पोर्टल पर पंजीयन कराना आवश्यक होगा। उन्हें इस पोर्टल पर योगाभ्यास से संबंधित छायाचित्र भी अपलोड करना आवश्यक है।

### गायत्री परिवार की जिला स्तरीय गोष्ठी 22 को

**बालोद।** गायत्री परिवार द्वारा जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन 22 जून को सुबह 10 से शाम 4:30 बजे तक गायत्री शक्तिपीठ बालोद मे रखा गया है। जिला समन्वयक बालोद बीएस अठनागर ने बताया गोष्ठी मे प्रथम सत्र सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक जिला स्तरीय 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की कार्ययोजना, प्रयाज पर चर्चा, विभाग प्रभार और अन्य आवश्यक चर्चा, द्वितीय सत्र दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक शांतिकुंज युवा चिंतन शिविर, माताजी की जन्मशताब्दी, यूथ सुपर 100 कार्ययोजना, जिला आंदोलन प्रभारी की अभिव्यक्ति और ब्लॉक स्तर पर आंदोलन प्रभारी का चयन का आयोजन किया जाएगा। उपर्युक्त गोष्ठी मे जिला, ब्लॉक हीरक मण्डल, युवा सुपर 100, महिला मण्डल के सभी सदस्य की उपस्थित रहेंगे।

## देवरी एवं खेरथाडीह में लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन अगस्त में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बुधवार 19 अगस्त को जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम डोकला एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गोरकापार में तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम आमाडूला, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम देवरी, बालोद विकासखण्ड के ग्राम खेरथाडीह मे लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है।

इन क्षेत्रें में निवास करने वाले जनजातीय परिवार के लोगों को मुनादी एवं अन्य माध्यमों से शिविर आयोजन के जानकारी देने के साथ–साथ अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई है। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रें में सेवाओं एवं अन्य बुनियादी ढांचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा जनजातीय वर्ग के अंतिम पक्ति के हितग्राहियों को उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक जिले के सभी पांचों विकासखण्डों के अलग–अलग गांवों में क्लस्टर बनाकर निरंतर लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर आयोजन हेतु बनाए गए क्लस्टर में आसपास के ग्राम पंचायतों में शामिल गांवों को शामिल किया गया है। ज्ञातव्य हो कि केन्द्र सरकार के द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जंयती के अवसर पर प्रारंभ की गई धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्ग बालोद जिले के 186 ग्रामों का चयन किया गया है। इसके अंतर्गत इन गांवों में निवासरत जनजातीय समाज के लोगों को 15 जून से 30 जून तक आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर 17 मंत्रलयों के 25 सेवा एवं योजनाओं से पूर्णतः लाभान्वित किया जाएगा। बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों के माध्यम से इन क्षेत्रें में निवासरत जनजातीय समाज के लोगों को निर्धारित सभी सेवा एवं योजनाओं से शत प्रतिशत लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि बुधवार 19 जून को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम आमाडूला में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत आमाडूला, सिंघोला, मथेना, चिहरो, मंगलतराई एवं बेलोदा के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम देवरी में आयोजित शिविर में देवरी सहित ग्राम महराजपुर, रानीतराई, पीपरखार ना, खपराभाट, फुलसुंदरी, कुआंगाव, राघोनवागांव, मारएँ, गहिरा नवागांव, भरनाभाठ, कठिया, भुरकाभाट, हड़गहन, घीना, गड़ाईनडीह, अहि. नवागांव, डेंगरापार के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम खेरथाडीह में आयोजित शिविर में खेरथाडीह और अमलीडीह के ग्रामीण शामिल होंगे। इस तरह गुरूर विकासखण्ड के ग्राम डोकला में आयोजित शिविर में डोकला, बोहारडीह एवं खैरडीही के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तहर गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गोरकापार में आयोजित शिविर में चीचा, भिलाई, खुरसुर, गब्दी, तिलखैरी, ओड़ारसकरी, देवगहन, मोंहदीपाट, गुरेदा, माहुद अ के ग्रामीण शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में चयनित ग्रामों के जनजातीय परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलॉग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, महिला एंव बाल कल्याण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कलेक्शन, उज्जवला, कौशल प्रशिक्षण, इत्यादि सेवाएं प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही सिकल सेल, की जॉच व स्वास्थ शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान प्रचार रथ के माध्यम से जनजातीय परिवार के लोगों को उन्हें प्रदान की जाने वाली विभिन्न 17 विभागों के 25 सेवाओं एवं योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी।

### आकर्षण का केंद्र प्रदर्शनी

**भिलाई।** बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा नेहरू आर्ट गैलरी में राज्य के प्रतिभाशाली चित्रकारों एवं शिल्पकारों की कलाकृतियों की एक विशेष समूह प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सीजीएम अनूप कुमार दत्त ने किया। विजया त्रिपाठी, करुणा सिदार, तृप्ति खरे, प्रीति साहू व निर्वेर साहू द्वारा निर्मित चित्र सांस्कृतिक व प्रकृति पर थे।जीएम अमूल्य प्रियदर्शी, जीएम प्रशांत तिवारी, जीएम सौमिक डे सहित पी.के नंदी, प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर, वरिष्ठ कलाकार विद्या सोनी, मोहन लाल बराल उपस्थित थे।

### रेंगाडबरी में नवप्रवेशी छात्रों का किया स्वागत ...



**डौंडीलोहारा।** माध्यमिक विद्यालय में संलग्न शिक्षक पीलू राम साहू अपने मूल शाला बड़गांव के लिए कार्यमुक्त हुए। इस अवसर पर प्रधान पाठक विशेसर आर्य देवराज ठाकुर शिक्षक हिमांशु ठाकुर नव पदस्थ शिक्षक महावीर कुर्रे,पुरानिक राम साहू, युगल सिंह धनकर उपस्थित थे। सभी शिक्षक आगामी शिक्षा सत्र में नव प्रवेशी छात्र छात्राओं के साथ ही सभी बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## नौ महीने बाद शुरु हुई यूनियन चुनाव की प्रक्रिया

**भिलाई।** देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर भिलाई इस्पात संयंत्र में यूनियन मान्यता चुनाव की प्रक्रिया शुरु हो गई है। यूनियनों के चुनाव की मांग पर बीएसपी प्रबंधन ने नौ महीने बाद श्रमिक संगठनों से संबंधित दस्तावेज जमा करने के लिए सर्कुलर जारी कर दिया है। सीटू यूनियन ने आईआर विभाग को अपने दस्तावेज सौंपकर प्रबंधन से जल्द चुनाव कराने की मांग की है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा यूनियनों को गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच करने के संदर्भ में यूनियनों से सहमति पत्र के साथ अन्य आवश्यक संलग्नक और दस्तावेज जमा करने के संदर्भ में आवश्यक पत्र जारी किया है। यूनियनों द्वारा प्राप्त दस्तावेजों पर प्रबंधन उचित कार्यवाही कर उप मुख्य श्रमायुक्त के कार्यालय में भेजा जाएगा। इन दस्तावेजों को प्रबंधन द्वारा प्राप्त पत्र के 15 दिन के भीतर जमा करना है। इस मामले में सीटू ने मंगलवार को यूनियन की सहमति पत्र, विधान की प्रतिलिपियां वार्षिक विवरण की प्रतिलिपियां और यूनियन का पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रतिलिपियां सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों को औद्योगिक संबंध विभाग प्रबंधन को सौपा । 23 सितंबर 2024 को पिछली मान्यता यूनियन बीएमएस का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसी दिनसीटू द्वारा महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध विभाग को पत्र देकर प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने की मांग की थी। इसके बाद 4 दिसंबर 2024, 11 जनवरी 2025 और 5 मई को जीएम आईआर के साथ सदस्यता जांच हेतु गुप्त मतदान को लेकर बैठक की किया था 1 हर बैठक में औद्योगिक संबंध विभाग प्रबंधन ने जल्द चुनाव कराने का आश्वासन दिया था ।

#### कार्यकाल बीतने के नौ माह बाद प्रक्रिया

पिछली यूनियन का कार्यकाल समाप्त होने के 9 माह बीत जाने के बाद बीएसपी में गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच करवाने प्रक्रिया शुरू हो पाई है। संयंत्र के कर्मी किसी एक यूनियन को सर्वोच्च वोट देकर अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनाव करेंगे ।

### नई शराब दुकान ...

टेंडर राशि 6.50 करोड़ के विपरीत एमआईसी के सख्त विरोध के बावजूद इस वर्ष 12.50 करोड़ का ठेका दे दिया गया जबकि निगम की वित्तीय स्थिति कमजोर और इतने आय के कोई स्रोत ही नहीं है ऐसे में निगम घाटे में रहेगा। निगम में छोटे स्तर के कर्मचारियों को प्रभारी बना दिया गया है जिससे निगम के कामकाज पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है अनुभवी कर्मचारी अधिकारी को दायित्व दिया जाए। रिसाली निगम में प्रशासनिक अधिकारी द्वारा किसी भी काम के दस्तावेजों के अवलोकन व जानकारी से महापौर और परिषदों को जानबूझकर दूर रखा जा रहा है।

**100 दिन काम की गारंटी सुनिश्चित करें:** इसी तरह से ज्ञापन में परमालकसा-बलौदाबाजार-खरसिया प्रस्तावित नई रेल्वे लाईन के अंर्न्तगत ग्राम थनौद, बिरेझर, चंगोरी, कोनारी, कोड़िया, कोकड़ी, खम्हरिया, पुरई, बोरीगारका जैसे ग्रामों के भूमि बिकी पर रोक खत्म कर चिन्हांकित जमीन का ही बिकी पर रोक लगाई जाने, मनरेगा के कार्य योजना वर्ष 2025-26 अनुरूप कार्यों की स्वीकृत कर सभी जॉबकार्ड धारी मजदुरो को 100 दिन काम की गारंटी सुनिश्चित किए जाने, डी.ए.पी. खाद की कमी दुर करने के साथ ही अन्य आवश्यक खादो की आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने की मांग शामिल है. इसके साथ ही ज्ञापन में रिसाली निगम में प्रशासनिक अधिकारी द्वारा किसी भी काम के दस्तावेजो के अवलोकन व जानकारी से जनता द्वारा चुने गए महापौर और पार्षदो को जानबूझ कर दुर रखे जाने की शिकायत करते हुए उनपर तत्काल रोक लगाये जाने एंव पद के अनुरूप सम्मान और अधिकार दिया जाने की मांग कलेक्टर दुर्ग से की है। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग.शासन ताम्रध्वज साहू अध्यक्ष-ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण प्रदीप चंद्राकर, महापौर नगर निगम रिसाली शशि सिन्हा, मुकुन्द भाऊ अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग रिवेन्द्र यादव,अध्यक्ष- केशकला शिल्पी बोर्ड छ.ग.शासन नन्द कुमार सेन,उपाध्यक्ष - जनपद पंचायत दुर्ग राकेश हिरवानी पूर्व जिला पंचायत दुर्ग योगिता चंद्राकर, देवराज चतुर्वेदी,मनीष साहू पूर्व सरपंच धनोरा, पार्षद जहीर अब्बास,पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत उतई डीकेन्द्र हिरवानी, विक्की ज्ञानेश्वर मिश्रा उपस्थित थे।

### योजनाओं के गलत ...

को 06 मी. किए जाने की जाने की ग्रामीणों के मांग से कलेक्टर दुर्ग को अवगत कराया है. इसी के साथ ही भारतमाला परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के तहत ग्राम उतई, उमरपोटी, धनोरा से लेकर चंगोरी, बिरेझर, थनौद के विभिन्न किस्म के अर्जित भूमि के मुआवजा विसंगति जिसमें मुआवजा राशि 02 गुणांक, परिसम्पतियों एंव वर्गफुट

## पेज 9 के शेष

के आधार पर नहीं किये जाने से भूमि धारकों के साथ हो रहें अन्याय का उचित समाधान किए जाने की मांग शमील है।

### न्यायिक जिला बालोद...

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कृष्ण कुमार जांगडे, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्वेता उपाध्याय गौर, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीएससी (पॉक्सो) कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### मांग एवं समय ...

प्रदान करने वाले सभी लोगों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके विनम्र आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, डौण्डीलोहारा सतप्रीत कौर छाबड़ा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणक के सचिव भारती कुलदीप सहित अपर कलेक्टर एवं एसडीएम नूतन कंवर एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी हीरा सिन्हा, अतिरिक्त न्यायाधीश प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सागर चंद्राकर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी भूमिका ध्रुव, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, जिला अधिवक्ता संघ बालोद के अध्यक्ष अजय कुमार साहू के अलावा बड़ी संख्या में अधिकारी–कर्मचारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### शिकारीटोला में शिक्षक की ...

हो पाया था, 2024-25 में पुनः आवेदन प्रस्तुत की है एवं आगामी सत्र में पारिवारिक कारणों से अपने कर्तव्य पालन में उपस्थित नहीं होने का लिखित जानकारी उच्चाधिकारियों को भेजा गया है। शाला में सेटअप के अनुसार चार शिक्षक है, जिसमे विज्ञान विषय के उमेंद्र कुमार कौशिक एकमात्र शिक्षक है, जिनका युक्तियुक्तकरण के तहत अन्यंत्र स्थानांतरण हो गया है, जिससे विज्ञान विषय का शिक्षक पद रिक्त हो गया है, अतः विज्ञान विषय के शिक्षक का युक्तियुक्तकरण के तहत किया गया स्थानांतरण निरस्त किए जाने की मांग को लेकर शाला में तालाबंदी कर धरना में बैठने की बात कही। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ मंजू कोसमा सरपंच ग्राम पंचायत धुरवातोला, उदेराम ग्राम पटेल, टीकम सिंह गांवरे,जंगलूराम आर्य, हरिशचंद भंडारी, भूषण नायक, पिलुराम कोमरे, संतु नेताम, कुमारी बाई, बसंतीन बाई ,उत्तराबाई, नागेश्वरी सहित ग्रामीण महिला पुरुष धरना स्थल में उपस्थित था।

### सहकारी समिति मंगलतराई ..

है ,और शासकीय सोसायटी में खाद की अनुपलब्धता है यह कैसा सुशासन है ,सोसायटियों में जल्द खाद का भंडारण ना होने पर आंदोलन करने की बात कही इस अवसर पर गंगाराम दर्रो, हीरालाल गावड़े, राजेश कुरेटी,बैसाखुराम मंडावी, धनुराम गावड़े, पुसाऊ राम गावड़े, तीजन बाई, कृति गावड़े,देवकी बाई, उर्मिला गावड़े, भूषण मंडावी,सुरेंद्र गावड़े, जगेश तारम,मदन गावड़े, अमृतलाल कोला, प्रेमलाल ढुग्गा, सुदर्शन, रिखीराम बघेल, दुकालुराम कोवाची, बरातुराम नेताम, प्राणसिंह जुर्री, अशोक पांडे, भगवानसिंह सलाम सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

### पति-पत्नी से 22 हजार के ...

पहने हुए 2 नग सोने का टाप्स को छिन लिये तथा मेरे पास रखे हुए नगदी रकम 3000 रूपये को भी छिनकर भाग गये।

### फर्जी दिव्यांगों का भौतिक ...

बी.पी.एल की बाध्यता खत्म किया जावे। अन्य राज्यो मे पेंशन 3000 एवं 4500 है। हमारे राज्य मे 5,000 प्रतिमाह किया जावे। 21 वर्ष से अधिक आयु के अविवाहित दिव्यांग युवती को महतारी वंदन योजना मे शामिल किया जावे। दिव्यांगता के कारण शादी न होने पर महातारी वंदन का लाभ 5,000 मासिक पेंशन के अलावा अलग से दिया जावे।

### निर्माण का स्थल का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**भिलाई।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन 2 वैशाली नगर अंतर्गत डामरीकृत रोड एवं सीबीजी प्लांट निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड में रोड का नया डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जिसका फाईनल कोटिंग बारिश से पूर्व सूखे मौसम में कराने उप अभियंता को निर्देशित किये, जिससे नागरिकों के आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो।


इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
100% CAMPUS PLACEMENT
TEAM CREATIVE
मारूती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम – दानीटोला, पोस्ट – भैसबोड़, तहसील – डौंडी, जिला – बालोद (छ.ग.)
09229820000, 07470542137

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10 .30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

**खबर संक्षेप**



## वाहन की ठोकर से बंदर की मौत, ग्रामीणों ने किया अंतिम संस्कार

**बालोद।** ग्राम कमरौद पिरिद मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बंदर को ठोकर मार दिया। जिससे बंदर की मौत हो गई बंदर को मृत अवस्था में देख सागर देशमुख और नोमेद्र ने मार्ग किनारे ही बंदर का मिट्टी कार्यक्रम किया।

## जामगांव आर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन

**जामगांव आर।** जामगांव आर योगा संगम एवं हरित योग की थीम पर 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में किया जाएगा। योग प्रशिक्षक डॉ. गुलाब साहू ने बताया कि विश्व योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में प्रातः 7 से 8 बजे के मध्य किया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से संबंधित इस महत्वपूर्ण आयोजन में अधिक से अधिक योग साधक, छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधिगण, महिला, पुरुष, युवा साथी, गणमान्य नागरिक समस्त शासकीय, अशासकीय अधिकारी, कर्मचारी, समस्त स्थानीय समाचार पत्रों के पत्रकार भाग लेने हेतु आमंत्रित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि योग का फोटो आयुष विभाग के मार्गदर्शन अनुसार उच्च स्तर पर प्रेषित किया जाना है।



## 60 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अस्पताल का प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर बनाने का झांसा देकर 60 लाख रुपए का ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि विनिता गुप्ता की पहचान रंगारेड्डी हैदराबाद तेलंगाना निवासी सिद्धार्थ गौडा से वर्ष 2023 में हुई थी। तब सिद्धार्थ गौडा नये अस्पताल प्रोजेक्ट को हैदराबाद में लॉंच करने का झांसा देकर महिला को भरोसे में लिया था। विनिता को प्रोजेक्ट में डायरेक्टर बनाने के नाम पर 60 लाख रूपये इंवेस्ट कराया।

## दुकान में चोरी करने वाला और खरीदार गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि अमलेश्वर खुडमुड़ा रोड़ स्थित जयश्री मोबाईल दुकान में अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। अमलेश्वर व एसीसीयू टीम आरोपी की तलाश में लगी रही। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला पर मुखबिर ने जानकारी दी कि चिरपिरा भाठागांव टाइल्स मजदूर प्रेम साहू संदिग्ध लग रहा है। पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि रात में मोबाईल दुकान का ताला सरिया से तोड़कर शटर खोलकर चोरी करना स्वीकार किया।

## आयोजन : कोटागांव, बालोद दरबारी नवागांव के ग्रामीण शिविर में हुए शामिल

# लाभ संतृप्ति शिविरों में आयुष्मान, राशन कार्ड बांटे, पेंशन हुआ स्वीकृत, ग्रामीणों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के सभी विकासखण्डों के अलग-अलग स्थानों में लाभ संतृप्ति शिविरों के आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज जिले के डौंडी विकासखण्ड के ग्राम कोटागांव एवं बालोद विकासखण्ड के दरबारी नवागांव में लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया।

जिले के दोनों ग्राम पंचायत मुख्यालयों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों में जनजातीय परिवार के हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उन्हें विभिन्न सेवाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम दरबारी नवागांव के शिविर में 07 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं 14 हितग्राहियों को नया राशन कार्ड प्रदान किया गया। इसी तरह 01 हितग्राही को वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी तरह शिविर में 15 हितग्राहियों को पशु पालन विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में उपस्थित जनजातीय समाज के लोगों के द्वारा शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभ लेने हेतु कुल 72 आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रें के परीक्षण के उपरांत सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है।





### प्रचार रथ के माध्यम से योजनाओं की दी जानकारी

ग्राम दरबारी नवागांव में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा कुल 34 ग्रामीणों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच भी किया गया। उल्लेखनीय है कि दरबारी नवागांव में आयोजित शिविर में दरबारी नवागांव सहित ग्राम परसदा एवं ग्राम धौराभांठा के ग्रामीण शामिल हुए। जिले दोनों ग्रामों में आयोजित शिविर में प्रचार रथ के माध्यम से जनजातीय समाज के लोगों को उनके लिए संचालित शासन के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ही उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं की लाभ लेने की अपील भी की गई।

### 38 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड मिला

इसी तरह आज जिले के डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कोटागांव में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 38 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 02 हितग्राहियों का आधार कार्ड, 01 हितग्राही किसान क्रेडिट कार्ड बनाया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से 01, प्रधानमंत्री जनधन योजना से 03, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना से 02, पीएम विश्वकर्मा योजना से 01 हितग्राही को लाभान्वित किया गया। इसी तरह शिविर में 01-01 व्यक्तियों का जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही 05 हितग्राहियों का मनरेगा जॉब कार्ड भी बनाया गया। इसी तरह 02 हितग्राहियों को वन धन योजना तथा 07 हितग्राहियों को सामाजिक पेंशन से लाभान्वित किया गया। उल्लेखनीय है कि कोटागांव में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में कोटागांव सहित आड़ेझर, नलकसा, कोपेडेरा, कुमुकड़कट्टा, कामता, सरईटोला, बोरगांव, नर्राटोला, चिखली एवं साल्हे के बड़ी संख्या के जनजातीय समाज के लोगों के अलावा ग्रामीण जन शामिल हुए। ग्राम कोटागांव में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में जनपद सदस्य शिवगिरी चुरेन्द्र, कुलदीप साहू, ग्राम पंचायत कोटागांव की सरपंच अर्चना मरकाम सहित वंदना ठाकुर, माधुरी ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग एवं ग्रामीण जन शामिल हुए।

# सूखा नदी में रेत का अवैध उत्खनन दो चेन माउंटेन जब्त, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम गोड़पाल के सूखा नदी से सोमवार को अवैध रेत उत्खनन करते हुए पकड़े गए दो चैन माउण्टेन को संयुक्त जांचदल राजस्व, पुलिस, वन विभाग एवं खनिज विभाग द्वारा पकड़ा गया। दोनो चैन माउटेंन को टीम ने जब्त कर सील कर दिया और उसकी निगरानी के लिए वन विभाग द्वारा कर्मचारी भी तैनात कर दिया गया। पर जब्ती के दूसरे दिन मंगलवार की रात में अज्ञात चोरों ने दोनो चैन माउंटेन की चोरी कर फरार हो गए। मामले पर गुरुर वन परिक्षेत्र की वन परिक्षेत्र अधिकारी हेमलता उईके ने बालोद थाने में मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई है। अज्ञात चोरों के खिलाफ बालोद पुलिस ने 303(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

- राजस्व, पुलिस, वन विभाग एवं खनिज विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई

वही वन परिक्षेत्र अधिकारी हेमलता उईके ने बताया 16 जून को संयुक्त जांचदल राजस्व, पुलिस, वन विभाग एवं खनिज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत मुल्लेगुड़ा का आश्रित ग्राम गोड़पाल के क्षेत्र में स्थित सूखा नदी से अवैध रेत उत्खनन के संबंध में जांच किया गया, जांच पर पाये गये तथ्यो के आधार पर मौके पर अवैध रेत उत्खनन होना पाये जाने से आसपास पता तलाश पर दो चैन माउण्टेन को संदिग्ध हालत में ग्राम गोड़पाल के जंगल में छुपाये हुए स्थिति में मिलने से मौके पर खनिज विभाग द्वारा दोनों चैन माउण्टेन का पंचनामा तैयार कर मौके पर ही जप्ती की कार्यवाही किया गया तथा दोनो चैन माउण्टेन को चलने की स्थिति में नही होने से खनिज विभाग द्वारा घटनास्थल वन विभाग से संबंधित होने से उन्हे सुपुर्द किया गया, जिस पर से मेरे द्वारा कुछ कर्मचारी को सुरक्षार्थ तैनात किया गया था, चुंकि घटनास्थल दूरस्थ जंगल क्षेत्र था जिस कारण कर्मचारी घटनास्थल से कुछ दूरी पर रहकर निगरानी रखे थे इसी दौरान 17 जून की रात में अज्ञात चोर ने दोनों चैन माउन्टेन को चोरी कर ले गया है।

## श्री सत्य साई बाबा की भक्ति में लीन हुए ग्रामवासी

**बालोद।** ग्राम तमोरा में श्री सत्य साई बाबा का प्रेम वाहिनी रथ भजन कीर्तन के साथ भक्तो के द्वारा भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान शेखर नायडु, संदीप, अनिल कटहरे, लोचन सिन्हा, टिकेश्वर निषाद तिलोक, नरेश धनसि, श्याम फुलचंद, टिकेश्खर साहु, मुनेश्वर मानसिह जिवर्धन डोमेश सहित अन्य लोग समिलित हुए।



# प्राथमिक शाला हीरापुर में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव





**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला हीरापुर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। यह कार्यक्रम शाला प्रबंधन समिति एवं जनप्रतिनिधियों पालकों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। बच्चों को गणवेश व पुस्तक वितरण किया गया साथ ही स्व सहयता समुह द्वारा न्योता भोज खिलाया गया। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य दुष्यंत साहू, उप सरपंच यतीश साहू, लेखराम साहू, पूर्व उप सरपंच हेमराज साहू, बलदाउ साहू, हिरामन साहू, संतानु निषाद, पूरन साहू, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।



### बेलमांड में नवप्रवेशी छात्रों का तिलक कर किया स्वागत



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलमांड में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया एवं सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा 9वी के छात्रओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत नव प्रवेशीय बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच चमेली साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सत्या गांवरे, उपसरपंच गंगाधर गांवरे, वाल्मीकि साहू, मधुलता यादव, सत्या साहू, रेवती साहू, पोश करण साहू, नरेंद्र साहू, जीवन लेडिया, संस्था के प्राचार्य एनके मंडावी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। साथ ही इन सभी के द्वारा बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

# रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



जेसीसी क्रिकेट क्लब आमटी आबादी के तत्वाधान में रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,जिसमें प्रवेश शुल्क 1111 रुपए रखा गया था, जिसमें प्रथम पुरस्कार मोंहलाई 15555 रुपया केशव बंटी हरमुख कोल्हापुरी द्वारा प्रदत द्वितीय पुरस्कार खाड़ा 8888 रुपया गुप्त दान तृतीय पुरस्कार रनचिराई 5555 रुपया दुर्गापुरुषोत्तम चौधरी सरपंच द्वारा प्रदत चतुर्थ पुरस्कार आमटी 3333 रुपया डॉक्टर तुलाराम साहू उप सरपंच द्वारा प्रदत एवं फाइनल मैच में हैट्रिक छक्का हैट्रिक चौका हैट्रिक विकेट बेस्ट बॉलर बेस्ट कीपर बेस्ट बैट्समैन बेस्ट फील्डर मैन ऑफ़ द सीरीज का आकर्षक पुरस्कार भी रखा गया था। समिति के सदस्य गण गोलू, सोनू पटेल, सोहन पटेल, सुनील साहू, हिमांशु पटेल व चितरंजन साहू व मोहन ठाकुर सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांव के मुख्या सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा खेल में अनुशासन और आत्म-नियंत्रण के महत्व को समझना चाहिए। आपको अपने खेल में अनुशासन बनाए रखना चाहिए और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आत्म-नियंत्रण का प्रयोग करना चाहिए। मैं आप सभी से आग्रह करती हुं कि आप अपने खेल में निष्ठा, समर्पण, टीम वर्क, अनुशासन, और आत्म-नियंत्रण के साथ काम करें। आप अपने खेल में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं और अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, आगे कहा मैं इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से खेल संस्कृति के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित हुआ।

# पाठ्य पुस्तक की समस्या पर डीईओ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



जिला निजी विद्यालय संगठन के द्वारा बुधवार को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री कोसरे सर को पाठ्यपुस्तके 25 जून तक संकुल स्तर से वितरित किये जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया, ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 16 जून से स्कुल खुलने के बाद निजी स्कूलों को पाठ्यपुस्तकें वितरण का कोई स्पष्ट आदेश नहीं है , जिसके कारण बच्चों को अध्यापन कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, शिक्षा विभाग एक तरफ आदेश जारी कर निर्देश करता है कि निजी प्रकाशन की पुस्तकें किसी भी स्थिति में नहीं चलानी होगी , वहीं दूसरी ओर शासन से प्रदाय की जाने वाली निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का अता पता नहीं है , निजी स्कुल शासकीय स्कुलों की भांति संकुल स्तर से वितरण करने की मांग कर रहा है , लेकिन विभाग द्वारा जो अपुष्ट जानकारी मिल रही है उसके अनुसार निजी स्कूलों को डिपो से पुस्तकें प्राप्त होंगी , अर्थात निजी स्कूलों को अतिरिक्त परिवहन का खर्चा करना होगा, जब शासन सभी बच्चों के लिए निःशुल्क पाठ्यपुस्तके प्रदान कर रहा है , तो निजी स्कूलों के लिए ऐसा भेदभाव क्यों, ज्ञापन सौंपते समय जिलाध्यक्ष राजेश सोनी , प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी , जिला सचिव ललित सिंह गौर , थामस जोसेफ , प्रदीप जैन ,आर के माने , तरुणलता बैस उपस्थित रहे।

# शिव महापुराण कथा से पूर्व निकाली जाएगी कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

दुर्ग जिले के निकुम में विश्व विख्यात कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की कथा शासकीय पुकेश्वर सिंह भारदीय महाविघालय मैदान में होगी, पंडाल सज रहे है, लाईट लग रही है। कथा पंडाल में दूर दराज सहित अन्य प्रदेशो से शिवकथा सुनने श्रध्दालु श्रोता गण आकर पंडाल में बैठ रहे है, शिवमहापुराण सुनने भक्तगण पहुच रहे है, वही पूरे गांव में चहुओर लोगो में उत्साह दिखाई दे रही है, मेहमान भी घरो घरो पहुच रहे है, मानो दिपावली जैसा माहौल बन गया है, पंडाल में हर हर महादेव के जयकारो से पंडाल गुंज रहा है, कई भक्त भजन कीर्तिन कर भक्तिमय आंनद ले रहे है। वही जिले के कलेक्टर अभिजीत सिंह खुद अलसुबह 9 बजे पहुचकर व्यवस्थाओ का जायजा लिया, संबधित अधिकारियों रेस्ट हाउस में जाकर मिटिंग कर सुव्यस्थित करने, 100 टायलेट बनाने के निर्देश दिया। वही निकुम सहित अंचल से पहुची हजारो महिलाओं ने ग्राम की देवी मां शीतला, बुढीमाई मंदिर से आर्शीवाद लेकर पीले वस्त्र परिधान में कलश यात्र श्री सिध्दपीठ हुनमान मंदिर निकुम से बस्टैण्ड होते हुए दोपहर 12 बजे शिवपुराण कथा पंडाल में पहुचने पर पुरोहित भावेश पांडे ने श्रीगणेश पुजा अर्चना किये, जिसमें पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित कई नेता व स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित हजारो लोग रहे। वही जिले से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

- शासकीय पुकेश्वर सिंह भारदीय महाविघालय मैदान में होगी कथा, पंडाल सज रहे, लाइट लग रही



### पं. प्रदीप मिश्रा का भव्य स्वागत कर उतारी आरती

वही रेस्ट हाउस निकुम में शाम 5 बजे पहुचे कथावाचक पं.प्रदीप मिश्रा का भव्य स्वागत किया, वही यजमान जोडी ने मिलकर आरती उतारकर स्वागत किया। वही इस अवसर पर पं.प्रदीप मिश्रा ने आज का दिन निकुम सहित अंचल के लिए सौभाग्य का दिन है और मैं सौभाग्यशाली हूॅ, मां निकुम्बला की पावन पवित्र भुमि निकुम को सादर प्रणाम करता है, जो इस ग्राम में शिवमहापुराण की कथा की गंगा बहेगी, शिव भक्ति का तप है, निकुम में शिवमहापुराण हो रहा है, क्योकि घड़ी को हम कलाई में बांधते है, पर हम समय को नही बदल सकते है, पर व्यक्ति के अच्छा कर्म और अच्छे बोल व भगवान के प्रति श्रध्दा आपके समय को बदल देगा। वही संयोजक रुपेश देशमुख ने कहा कि सभी श्रध्दाल कथा सुने, भोजन भंडारा में भोजन की व्यवस्था है। जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित जिलापुलिस बल बड़ी संख्या में पहुचकर सुरक्षा व्यवस्था में लगी है।

## हथियार लेकर घूमने वाले तीन गिरफ्त में

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोलिहापुरी सतनामी पारा जैत खाम के पास वीरेंद्र मरकाम नामक युवक चाकू लेकर लोगो को डरा धमका रहा था। घेरबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया। राजा मरकाम, संजय मरकाम को भी पुलिस ने धारदार स्टील चाकू के साथ पकड़ा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### तेंदूपत्ता संग्राहकों के कल्याण और बेहतरी के लिए साय सरकार ने संवेदना का दिया परिचय

# चरन पादुका योजना फिर शुरू करने का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा के नेताओं व आदिवासी पदाधिकारीयो ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चरण पादुका योजना के पुनः प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसकी सराहना करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार, आदिवासी हितैषी सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के कल्याण हेतु एक बार फिर चरण पादुका योजना को पुनः प्रारंभ करने की घोषणा की है।

यह योजना भारतीय जनता पाटएँ के संकल्पपत्र मोदी की गारंटी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे पूरा करके हमारी सरकार ने आदिवासी समाज के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि चरण पादुका योजना का उद्देश्य तेंदूपत्ता संग्राहकों, विशेषकर आदिवासी समुदाय के लोगों को जंगलों में कार्य के दौरान सुरक्षा और सुविधा प्रदान करना है। यह योजना न केवल उनके पैरों को चप्पलों के माध्यम से सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि उनके स्वाभिमान को भी बढ़ाती है। यह आदिवासी समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध सरकार का एक ठोस कदम है, जो यह सुनिश्चित करता है कि समाज का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा में शामिल हो।





### आदिवासियों के प्रति सरकार की उदासीनता

भाजपा जिला मंत्री आदिवासी नेता शरद ठाकुर ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा इस महत्वपूर्ण योजना को बंद करना आदिवासी समाज के प्रति उनकी उदासीनता का प्रतीक था। इसके विरुद्ध भाजपा अजजा मोर्चा के माध्यम से शसक्त आंदोलन भी किया, ताकि इस योजना को पुनः शुरू करने की मांग को बल मिले। साथ ही, भाजपा के घोषणा पत्र समिति को इस योजना को शामिल करने हेतु सुझाव भेजे थे, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में यह वादा पूरा होने से आदिवासी स्वाभिमान को नया बल मिला है। यह योजना तेंदूपत्ता संग्राहकों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह आदिवासी हितैषी सरकार की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें प्रत्येक आदिवासी परिवार की खुशहाली और आत्मनिर्भरता सर्वोपरि है। जनपद सदस्य एवं भाजपा आदिवासी नेत्री माहेश्वरी ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को साकार कर रही है। हमारी सरकार ने न केवल चरण पादुका योजना को पुनर्जन्म दिया, बल्कि तेंदूपत्ता संग्रहण की दर को 4,000 रुपये से बढ़ाकर 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा करने, पीएम वन धन केंद्र और आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय जैसे कदमों के माध्यम से आदिवासी समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है। यह सुशासन सरकार का परिचायक है, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और जनकल्याण के प्रति समर्पित है। भाजपा नेताओं ने कहा कि विष्णु देव साय सरकार की सरकार ने मोदी की गारंटी को साकार कर आदिवासी समाज के स्वाभिमान और विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

